(b) Mangalore Port is being developed by the Central Government as a major port. Karwar port has been selected for development under the Centrally Sponsored Schemes of the Fourth Five Year Plan and the Project Report is under consideration of the Government. The improvement of the six medium ports and the small port of Hangarkatta as fair weather lighter age port are included in the development programme of the Government of Mysore.

(c) It is premature to give this information.

### भारतीय खाद्य निगम द्वारा चीनी के व्यापार का अधिग्रहण

2662. श्री नाथूराम अहिरवार : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार के आदेशानुसार जनवरी, 1973 से चीनी का व्यापार भारतीय खाद्य निगम द्वारा अपने हाथ में ले लिया गया है;

(ख) भविष्य में चीनी के थोक एवं फुटकर वितरण प्रणाली क्या होगी;

(ग) क्या भारतीय खाद्य निगम के पास चीनी रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में भंडार उपलब्ध हैं; और

(घ) इस समय इन भंडारों की संख्या देश में राज्यवार कितनी है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : (क) और (ख) : जी हां। भारतीय खाद्य निगम ने पहली जनवरी, 1973 से देश भर में लेवी चीनी के थोक वितरण का कार्य अपने हाथ में ले लिया है लेकिन महाराष्ट्र, तमिल नाडू, गुजरात, जम्मू तथा काश्मीर, नागालैंड, मणिपुर, ददरा तथा नगर हवेली, त्रिपुरा, गोआ और पांडिचेरी में सरकारी क्षेत्र की एजेन्सियों से/सहकारी संस्थानों के माध्यम से वितरण की पूर्व व्यवस्था को चलते रहने दिया गया है।

उचित मूल्य की दुकानों से लेवी चीनी के खुदरा वितरण और खुले बाजार में थोक तथा खुदरा वितरण की मौजूदा प्रणाली में परिवर्तन करने का कोई विचार नहीं है।

(ग) जी हां।

(घ) एक विवरण संलग्न है जिसमें 15 जनवरी, 1973 को भारतीय खाद्य निगम के पास उपलब्ध कुल भण्डारण क्षमता, बताई गई है।

### लूप लगाने से कैंसर होना

2863. श्री महा दीपक सिंह शाक्य : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लूप लगाने से अनेक स्त्रियों में रक्त स्राव और उसके बाद कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है ;

(ख) क्या सरकार ने अभी तक ऐसी दवाइयों का परीक्षण किया है जिनसे रक्त स्राव रुक जाए ; और

(ग) यदि हां तो क्यों और उनके नाम तथा ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन उपमंत्री (श्री कोंडाजी बासप्पा) : (क) लूप लगवाने वाली स्त्रियों को पहले कुछ महीनों के दौरान रक्त स्राव होना सामान्य बात है। किन्तु इस बात का क प्रमाण नहीं मिला है कि लूप पहनने वाली स्त्रियों को कैंसर हो जाता है।